**Series : 1WXYZ**

**SET-3**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **64/1/3**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट/NOTE :**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** (**2 मानचित्र** सहित) हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **23** printed pages (Including **2 Maps**).
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# भूगोल (सैद्धान्तिक)
# GEOGRAPHY (Theory)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* — *अधिकतम अंक : **70***

*Time allowed : **3** hours* — *Maximum Marks : **70***

*सामान्य निर्देश :*

***निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :***

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल* ***30*** *प्रश्न हैं ।* ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र* ***पाँच*** *खण्डों में विभाजित है –* ***खण्ड-क, ख, ग, घ*** *एवं* ***ङ*** *।*

*(iii)* ***खण्ड – क*** *: प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***17*** *तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***1*** *अंक का है ।*

*(iv)* ***खण्ड – ख*** *: प्रश्न संख्या* ***18*** *एवं* ***19*** *स्रोत-आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***3*** *अंकों का है ।*

*(v)* ***खण्ड – ग*** *: प्रश्न संख्या* ***20*** *से* ***23*** *तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***3*** *अंकों का है । इन प्रश्नों का उत्तर* ***80*** *से* ***100*** *शब्दों में लिखा जाना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड – घ*** *: प्रश्न संख्या* ***24*** *से* ***28*** *तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***5*** *अंकों का है । इन प्रश्नों का उत्तर* ***120*** *से* ***150*** *शब्दों में लिखा जाना चाहिए ।*

*(vii)* ***खण्ड – ङ*** *: प्रश्न संख्या* ***29*** *व* ***30*** *मानचित्र आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***5*** *अंकों का है ।*

*(viii)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है । इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें ।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, खण्ड-क के अतिरिक्त अन्य खण्डों के कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है ।*

## खण्ड – क

**प्रश्न संख्या 1 से 17 बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं ।** **(17 × 1 = 17)**

1. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए ।
   अनुमान है कि 2050 तक विश्व की ________ जनसंख्या शहरी क्षेत्रों में रहेगी । **1**
   (A) एक चौथाई (B) आधी
   (C) दो तिहाई (D) तीन चौथाई

2. कूप की खनन विधि से सम्बन्धित, निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं ? सही विकल्प चुनिए : **1**
   i. इसका प्रयोग तब किया जाता है जब अयस्क धरातल के नीचे गहराई में होता है ।
   ii. यह खनन की सबसे सरल एवं सस्ती विधि है ।
   iii. इसके लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई लिफ्ट और ड्रिल की आवश्यकता होती है ।
   iv. इसे शाफ्ट विधि के नाम से भी जाना जाता है ।
   **विकल्प :**
   (A) केवल i, ii और iii सही हैं । (B) केवल ii, iii और iv सही हैं ।
   (C) केवल i, iii और iv सही हैं । (D) केवल i, ii और iv सही हैं ।

***General Instructions :***

***Read the following instructions carefully and follow them :***

*(i)* *This question paper contains **30** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *Question paper is divided into **five** Sections – **Section A, B, C, D** and **E.***

*(iii)* *Section **A** - Question Nos. **1** to **17** are Multiple Choice (MCQ) type questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* *Section **B** - Question Nos. **18** and **19** are Source based questions. Each question carries **3** marks.*

*(v)* *Section **C** - Question Nos. **20** to **23** are Short Answer (SA) type questions. Each question carries **3** marks. Answer to these questions shall be written in **80** to **100** words.*

*(vi)* *Section **D** - Question Nos. **24** to **28** are Long Answer (LA) type questions. Each question carries **5** marks. Answer to these questions shall be written in **120** to **150** words.*

*(vii)* *Section **E** - Question Nos. **29** & **30** are Map based questions. Each question carries **5** marks.*

*(viii)* *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired Candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired Candidates only.*

*(ix)* *There is no overall choice given in the question paper. However, an internal choice has been provided in a few questions in all sections other than Section A.*

## SECTION – A

**Question Nos. 1 to 17 are Multiple Choice Type Questions.** **(17 × 1 = 17)**

1. Choose the correct option to fill the blank :
By 2050, the world population is estimated to live in urban areas is _____. **1**
(A) One fourth (B) Half
(C) Two third (D) Three fourth

2. Which of the following statements are correct related to underground mining method ? Choose the correct option : **1**
i. It is used when the ore lies deep below the surface.
ii. It is the easiest and cheapest mining method.
iii. It requires specially designed lift and drills.
iv. It is also known as shaft method.
**Options :**
(A) Only i, ii and iii are correct. (B) Only ii, iii and iv are correct.
(C) Only i, iii and iv are correct. (D) Only i, ii and iv are correct.

3. उस कथन की पहचान कीजिए जो बाह्यस्रोतन प्राप्त करने वाले देश पर लागू होता है । **1**

(A) उच्च वेतन प्राप्त करने वाले कार्यकारी वर्ग के कर्मचारी ।

(B) सस्ते और कुशल कर्मचारियों की उपलब्धता ।

(C) अत्यधिक विकसित देशों को बाह्यस्रोतन किया जाना ।

(D) बाह्यस्रोतन प्राप्त करने वाले देशों में प्रति व्यक्ति अधिक लागत ।

4. अमेरिका के पश्चिमी तट के साथ-साथ दक्षिण से उत्तर दिशा में उनकी अवस्थिति के अनुसार प्रमुख हवाई-पत्तनों को व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

i. मैक्सिको सिटी ii. वैंकुवर

iii. सैंटिआगो iv. लीमा

**विकल्प :**

(A) iv, iii, ii और i (B) iii, iv, ii और i

(C) iv, iii, i और ii (D) iii, iv, i और ii

5. डाक एवं यात्री परिवहन से सम्बन्धित पत्तन को ____________ कहा जाता है । **1**

(A) वाणिज्यिक पत्तन (B) अंतर्देशीय पत्तन

(C) फेरी पत्तन (D) नौसेना पत्तन

6. राजस्थान की निम्नलिखित ताँबे की खानों को उत्तर से दक्षिण उनकी अवस्थिति के अनुसार व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

i. भीलवाड़ा ii. खेतड़ी

iii. उदयपुर iv. अलवर

**विकल्प :**

(A) ii, iv, i और iii (B) ii, iv, iii और i

(C) iv, ii, iii और i (D) iv, ii, i और iii

7. "कुछ निम्नकोटि भूमियाँ मानवीय प्रक्रियाओं से कृषि के अयोग्य हुई हैं ।" कथन से सम्बन्धित सही विकल्प का चयन कीजिए । **1**

i. स्थानांतरित कृषिजनित क्षेत्र ii. तटीय मैदान

iii. क्षरित चरागाह iv. भाबर क्षेत्र

**विकल्प :**

(A) केवल ii (B) दोनों ii तथा iv

(C) केवल iii (D) दोनों i तथा iii

3. Identify the statement applicable to outsource receiving country. **1**

(A) Highly paid executive class workers.

(B) Availability of cheap and skilled workers.

(C) Outsourced to highly developed countries.

(D) High per head cost in outsource receiving countries.

4. Arrange the following major airports along western coast of America from south to north direction as per their locations and choose the correct option :

| | | | |
|---|---|---|---|
| i. | Mexico City | ii. | Vancouver |
| iii. | Santiago | iv. | Lima |

**1**

**Options :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | iv, iii, ii and i | (B) | iii, iv, ii and i |
| (C) | iv, iii, i and ii | (D) | iii, iv, i and ii |

5. Ports concerned with transportation passengers and mails are called ____. **1**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | Commercial Ports | (B) | Inland Ports |
| (C) | Ferry Ports | (D) | Naval Ports |

6. Arrange the following copper mines of Rajasthan from north to south as per their locations and choose the correct option :

| | | | |
|---|---|---|---|
| i. | Bhilwara | ii. | Khetri |
| iii. | Udaipur | iv. | Alwar |

**1**

**Options :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | ii, iv, i and iii | (B) | ii, iv, iii and i |
| (C) | iv, ii, iii and i | (D) | iv, ii, i and iii |

7. "Some wastelands are rendered unfit for agriculture by human activities." Choose the correct option related to the statement :

| | | | |
|---|---|---|---|
| i. | Shifting cultivation area | ii. | Coastal plains |
| iii. | Degraded pastures | iv. | Bhabar areas |

**1**

**Options :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | Only ii | (B) | Both ii and iv |
| (C) | Only iii | (D) | Both i and iii |

8. निम्नलिखित क्षेत्र और उनकी विशेषता से संबंधित सही सुमेलित युग्म का चयन कीजिए : **1**

| | **(क्षेत्र)** | | **(विशेषताएँ)** |
|---|---|---|---|
| (A) | झाबुआ जिला | – | भील जनजाति |
| (B) | दौराला मेरठ | – | गद्दी जनजाति |
| (C) | भरमौर तहसील | – | जीर्ण–शीर्ण घर |
| (D) | धारावी मुंबई | – | भौमजल प्रदूषण |

9. निम्नलिखित में से ध्वनि के माप की इकाई की पहचान कीजिए : **1**

(A) कण प्रति सौ
(B) डेसीबल
(C) कण प्रति हजार
(D) नैनोमीटर

10. नीचे दो कथन दिए गए हैं । ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं । दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

**अभिकथन (A)** : सभी विनिर्माण उद्योग कच्चे माल के साथ जुड़े हुए हैं ।

**कारण (R)** : संसाधन मनुष्य के जीवित रहने के लिए आवश्यक हैं ।

**विकल्प :**

(A) दोनों (A) तथा (R) सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) दोनों (A) तथा (R) सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है ।

11. राजस्थान नहर के प्रथम चरण के निर्माण के जिले की पहचान कीजिए । **1**

(A) जैसलमेर
(B) बाड़मेर
(C) जोधपुर
(D) गंगानगर

12. निम्नलिखित में से गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गेल) के मुख्य उद्देश्य की पहचान कीजिए : **1**

(A) अपने डिपो में प्राकृतिक गैस का परिवहन एवं संचय करना ।
(B) गैस का प्रसंस्करण और विभिन्न राज्यों को आवंटन करना ।
(C) प्राकृतिक गैस का परिवहन, प्रसंस्करण और विपणन करना ।
(D) अधिक लाभ के लिए भंडारित प्राकृतिक गैस की बिक्री करना ।

8. Choose the correctly matched pair of areas and their characteristics from the following : **1**

| | **(Areas)** | | **(Characteristics)** |
|---|---|---|---|
| (A) | Jhabua District | - | Bhil Tribe |
| (B) | Daurala Meerut | - | Gaddi Tribe |
| (C) | Bharmaur Tehsil | - | Dilapidated Houses |
| (D) | Dharavi Mumbai | - | Groundwater Pollution |

9. Identify the unit to measure sound from the following : **1**

(A) Particles per hundred
(B) Decibel
(C) Particles per thousand
(D) Nanometer

10. Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements carefully and choose the correct option : **1**

**Assertion (A) :** All manufacturing industries are associated with raw materials.

**Reason (R) :** Resources are essential for human survival.

**Options :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is correct, but (R) is incorrect.
(D) (A) is incorrect, but (R) is correct.

11. Identify the district of first phase of construction of Rajasthan canal. **1**

(A) Jaisalmer
(B) Barmer
(C) Jodhpur
(D) Ganganagar

12. Identify the main objective of Gas Authority of India Limited (GAIL) from the following : **1**

(A) To transport and store natural gas at its depot.
(B) To process and allocate natural gas to different states.
(C) To transport, process and market natural gas.
(D) To sale, stored natural gas for greater profit.

13. नीचे दो कथन दिए गए हैं । ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं । दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए । **1**

**अभिकथन (A)** : भारत के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में जल परिवहन एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है ।

**कारण (R)** : भारत के पश्चिम तट की अपेक्षा पूर्वी तट पर अधिक पत्तन हैं ।

**विकल्प :**

(A) दोनों (A) तथा (R) सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) दोनों (A) तथा (R) सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है ।

14. 'स्वच्छ भारत मिशन' के बारे में निम्नलिखित तथ्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए । **1**

i. यह शहरों के नवीकरण मिशन का हिस्सा है ।

ii. इसका शुभारंभ भारत सरकार ने किया ।

iii. यह शहरी क्षेत्र में हरियाली को बढ़ाने से संबंधित है ।

iv. इसका उद्देश्य शहरी झुग्गी बस्तियों (slums) में जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है ।

**विकल्प :**

(A) केवल i, ii और iii सही हैं । (B) केवल ii, iii और iv सही हैं ।

(C) केवल i, ii और iv सही हैं । (D) केवल i, iii और iv सही हैं ।

निम्नलिखित तालिका और अनुच्छेद को पढ़िए और प्रश्न **15** से **17** का उत्तर लिखिए ।

**मानव विकास की अंतर्राष्ट्रीय तुलनाएँ**

***मानव विकास संवर्ग***

| **मानव विकास का स्तर** | **मानव विकास सूचकांक का स्कोर** |
|---|---|
| अति उच्च | 0.800 से ऊपर |
| उच्च | 0.700 से 0.799 के बीच |
| मध्यम | 0.550 से 0.699 के बीच |
| निम्न | 0.549 से नीचे |

उच्च मानव विकास वाले देशों की शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को उपलब्ध कराना प्राथमिकता है । वे सामाजिक खंड में बहुत निवेश कर रहे हैं । लोगों और सुशासन में उच्चतर निवेश ने इस वर्ग के देशों को अन्य देशों से सर्वथा अलग कर दिया है ।

मानव विकास के मध्यम स्तर वाले अधिकांश देशों का विकास द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की अवधि में हुआ है । इनमें से अनेक देश अधिक लोकोन्मुखी नीतियों को अपनाकर तथा सामाजिक भेदभाव को दूर करके तेजी से अपने मानव विकास स्कोर में सुधार कर रहे हैं ।

13. Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements carefully and choose the correct option : 1

**Assertion (A) :** Water transport plays an important role in the international trade of India.

**Reason (R) :** The east coast of India has more ports than its west coast.

**Options :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is correct, but (R) is incorrect.

(D) (A) is incorrect, but (R) is correct.

14. Read the following facts about 'Swachh Bharat Mission' carefully and choose the correct option : 1

i. It is a part of urban renewable mission.

ii. It is launched by Government of India.

iii. It is associated with improving greenery in urban areas.

iv. It is aimed to improve quality of life in urban slums.

**Options :**

(A) Only i, ii and iii are correct. (B) Only ii, iii and iv are correct.

(C) Only i, ii and iv are correct. (D) Only i, iii and iv are correct.

Read the following table and passage and answer Question Nos. **15** to **17** :

**International Comparison of Human Development**

***Human Development Categories***

| **Level of Human Development** | **Score in Development Index** |
|---|---|
| Very High | above 0.800 |
| High | between 0.700 up to 0.799 |
| Medium | between 0.550 up to 0.699 |
| Low | below 0.549 |

The priority of countries with high level of human development is providing education and healthcare. They are investing more in social sector. Altogether, a higher investment in people and good governance has set this group of countries apart from others.

Countries with medium levels of human development have emerged in the period after the Second World War. Many of these countries have been rapidly improving their human development score by adopting more people-oriented policies and reducing social discrimination.

15. मानव विकास के मध्यम स्तर वाले देशों में अधिक सुधार ________ चिह्नित होता है । **1**

(A) विकास संबंधित नीतियों द्वारा (B) पर्यावरण संबंधित नीतियों द्वारा

(C) आर्थिक तंत्र आधारित नीतियों द्वारा (D) समाज आधारित नीतियों द्वारा

16. निम्नलिखित में से कौन सा अंक मानव विकास सूचकांक के मध्यम श्रेणी के सीमान्तर को दर्शाता है ? **1**

(A) 0.049 (B) 0.099

(C) 0.149 (D) 0.199

17. उच्च मानव विकास वाले देशों के साथ सबसे महत्त्वपूर्ण कारक ________ लागू होता है । **1**

(A) सामाजिक क्षेत्रक में अधिकतम निवेश (B) सेवा क्षेत्रक में अधिकतम निवेश

(C) औद्योगिक विकास में अधिकतम निवेश (D) कृषि विकास में अधिकतम निवेश

## खण्ड – ख

**प्रश्न संख्या 18 एवं 19 स्रोत–आधारित प्रश्न हैं ।** **(2 × 3 = 6)**

18. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

### मुक्त व्यापार की स्थिति

व्यापार हेतु अर्थव्यवस्थाओं को खोलने का कार्य मुक्त व्यापार अथवा व्यापार उदारीकरण के रूप में जाना जाता है । यह कार्य व्यापारिक अवरोधों जैसे सीमा शुल्क को घटाकर किया जाता है । घरेलू उत्पादों एवं सेवाओं से प्रतिस्पर्धा करने के लिए व्यापार उदारीकरण सभी स्थानों से वस्तुओं और सेवाओं के लिए अनुमति प्रदान करता है ।

भूमंडलीकरण और मुक्त व्यापार विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाओं को उन पर प्रतिकूल प्रतिबंध थोपते हुए तथा उन्हें विकास के समान अवसर न देकर बुरी तरह से प्रभावित कर सकते हैं । परिवहन एवं संचार तंत्र के विकास के साथ ही वस्तुएँ एवं सेवाएँ पहले की अपेक्षा तीव्र गति से एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुँच सकती हैं । किंतु मुक्त व्यापार को केवल संपन्न देशों के द्वारा ही बाज़ारों की ओर नहीं ले जाना चाहिए,

बल्कि विकसित देशों को चाहिए कि वे अपने स्वयं के बाज़ारों को विदेशी उत्पादों से संरक्षित रखें ।

देशों को भी डंप की गई वस्तुओं से सतर्क रहने की आवश्यकता है, क्योंकि मुक्त व्यापार के साथ इस प्रकार की सस्ते मूल्य की डंप की गई वस्तुएँ घरेलू उत्पादकों को नुकसान पहुँचा सकती हैं ।

15. Greater improvement among the medium level of human development countries is marked by _____. 1

(A) Development related policies (B) Environment related policies

(C) Economy oriented policies (D) Society oriented policies

16. Which one of the following score of human development index shows the range for Medium category ? 1

(A) 0.049 (B) 0.099

(C) 0.149 (D) 0.199

17. The most important factor applicable with high human development countries is _____ 1

(A) maximum investment in social sector.

(B) maximum investment in service sector.

(C) maximum investment in industrial development.

(D) maximum investment in agricultural development.

## SECTION – B

**Question Nos. 18 and 19 are Source Based Questions.** **(2 × 3 = 6)**

18. Read the following passage carefully and answer the questions that follow :

### Case for Free Trade

The act of opening up economies for trading is known as free trade or trade liberalization. This is done by bringing down trade barriers like tariffs. Trade liberalization allows goods and services from everywhere to compete with domestic products and services.

Globalisation along with free trade can adversely affect the economies of developing countries by not giving equal playing field by imposing conditions which are unfavourable. With the development of transport and communication systems goods and services can travel faster and farther than ever before. But free trade should not only let rich countries enter the markets, but allow the developed countries to keep their own markets protected from foreign products.


Countries also need to be cautious about dumped goods; as along with free trade dumped goods of cheaper prices can harm the domestic producers.

(18.1) 'व्यापार उदारीकरण' का अर्थ स्पष्ट कीजिए । 1

(18.2) 'भूमंडलीकरण' और 'मुक्त व्यापार' ने विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाओं को किस प्रकार प्रभावित किया है ? 1

(18.3) 'मुक्त व्यापार' के नकारात्मक प्रभाव से बचने के लिए विकासशील देशों को क्या करना चाहिए ? किन्हीं दो उपायों का उल्लेख कीजिए । ½ + ½ = 1

19. 'ऑस्ट्रेलियाई पारमहाद्वीपीय रेलमार्ग' मानचित्र का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।




(19.1) महाद्वीप के किस भाग में यह रेल–लाइन स्थित है ? 1

(19.2) इस रेलमार्ग के स्टेशनों की पहचान कीजिए जो 'A' तथा 'B' के रूप में अंकित हैं । ½ + ½ = 1

(19.3) इस रेलमार्ग के सबसे पूर्व और सबसे पश्चिम में स्थित सिरे के स्टेशनों के नाम लिखिए ।

½ + ½ = 1

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 19 के स्थान पर है ।**


19. 'ऑस्ट्रेलियाई पारमहाद्वीपीय रेलमार्ग' की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए । 3

(18.1) Explain the meaning of 'trade liberalisation'. 1

(18.2) How have 'Globalisation' and 'free trade' affected the economies of developing countries ? 1

(18.3) What should be done by the developing countries to protect from negative impact of 'free trade' ? Mention any two steps. ½ + ½ = 1

19. Study the map of 'Australian Trans-Continental Railway' and answer the questions that follow :




(19.1) In which part of the continent this railway line is located ? 1

(19.2) Identify the stations of this railway marked as 'A' and 'B'. ½ + ½ = 1

(19.3) Write the names of stations located at the easternmost and westernmost end of this railway. ½ + ½ = 1

**Note : The following question is for Visually Impaired Candidates only in lieu of Question No. 19.**

19. Describe any three characteristics of the 'Australian Trans-Continental Railway'. 3

## खण्ड – ग

**प्रश्न संख्या 20 से 23 लघु–उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं ।** **(4 × 3 = 12)**

20. (a) "प्रकृति और मनुष्य जटिलता से आपस में जुड़े हुए हैं ।" इस कथन का विश्लेषण कीजिए । **3**

**अथवा**

(b) "मनुष्य प्रकृति प्रदत्त अवसरों का उपयोग करता है ।" इस कथन का विश्लेषण कीजिए । **3**

21. छोटे पैमाने और बड़े पैमाने के उद्योगों में उदाहरणों सहित अंतर स्पष्ट कीजिए । **3**

22. "पेट्रोलियम को तरल सोना कहा जाता है ।" इस कथन की व्याख्या कीजिए । **3**

23. निम्नलिखित तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए । **3**

***भारत – नगरीकरण की प्रवृत्तियाँ 1961-2011***

| वर्ष | नगरों/नगरीय संकुलों की संख्या | नगरीय जनसंख्या (हज़ारों में) | कुल नगरीय जनसंख्या का % | दशकीय वृद्धि (%) |
|---|---|---|---|---|
| 1961 | 2,365 | 78,936.6 | 17.97 | 26.41 |
| 1971 | 2,590 | 1,09,114 | 19.91 | 38.23 |
| 1981 | 3,378 | 1,59,463 | 23.34 | 46.14 |
| 1991 | 4,689 | 2,17,611 | 25.71 | 36.47 |
| 2001 | 5,161 | 2,85,355 | 27.78 | 31.13 |
| 2011 | 6,171 | 3,77,000 | 31.16 | 31.08 |

(23.1) किस जनगणना वर्ष में नगरीय जनसंख्या की दशकीय वृद्धि सबसे अधिक दर्ज की गई है ?

(23.2) भारत में नगरीय जनसंख्या की बढ़ती हुई प्रवृत्ति की व्याख्या कीजिए ।

(23.3) भारत में निरंतर बढ़ती हुई नगरों की संख्या का विश्लेषण कीजिए ।

## खण्ड – घ

**प्रश्न संख्या 24 से 28 दीर्घ–उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं ।** **(5 × 5 = 25)**

24. जनसंख्या की प्राकृतिक वृद्धि को परिभाषित कीजिए । विश्व की जनसंख्या में परिवर्तन के लिए प्रवास के प्रभाव का वर्णन कीजिए । **2 + 3 = 5**

25. (a) 'लक्ष्य क्षेत्र नियोजन' का अर्थ स्पष्ट कीजिए । विकास के लिए 'लक्ष्य क्षेत्र नियोजन' की आवश्यकता का विश्लेषण कीजिए । **1 + 4 = 5**

**अथवा**

(b) 'प्रादेशिक नियोजन' का अर्थ स्पष्ट कीजिए । भरमौर क्षेत्र में 'समन्वित जनजातीय विकास परियोजना' के परिणामों का मूल्यांकन कीजिए । **1 + 4 = 5**

26. (a) "भारतीय रेल ने माल एवं यात्री परिवहन को सुगम बनाने के साथ आर्थिक वृद्धि में भी योगदान दिया है ।" उपयुक्त तर्कों के साथ इस कथन की पुष्टि कीजिए । **5**

**अथवा**

(b) "सफल अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए भारतीय पत्तनों का निरंतर विकास हो रहा है ।" उपयुक्त तर्कों द्वारा इस कथन की पुष्टि कीजिए । **5**

## SECTION – C

**Question Nos. 20 to 23 are Short Answer Type Questions. (4 × 3 = 12)**

20. (a) "Nature and human are intricately inter-wined." Analyse the statement. **3**

**OR**

(b) "Human beings utilize the opportunities provided by nature." Analyse the statement. **3**

21. Differentiate between small scale and large scale industries with examples. **3**

22. "Petroleum is referred to as liquid gold." Explain the statement. **3**

23. Study the following table carefully and answer the question that follow : **3**

***India - Trends of Urbanisation 1961-2011***

| Year | Number of Towns/UAs | Urban Population (in Thousands) | % of Total Population | Decennial Growth (%) |
|---|---|---|---|---|
| 1961 | 2,365 | 78,936.6 | 17.97 | 26.41 |
| 1971 | 2,590 | 1,09,114 | 19.91 | 38.23 |
| 1981 | 3,378 | 1,59,463 | 23.34 | 46.14 |
| 1991 | 4,689 | 2,17,611 | 25.71 | 36.47 |
| 2001 | 5,161 | 2,85,355 | 27.78 | 31.13 |
| 2011 | 6,171 | 3,77,000 | 31.16 | 31.08 |

(23.1) In which census year, the decennial growth of urban population is the highest.

(23.2) Explain the increasing trend of urban population in India.

(23.3) Analyse the continuous increasing trend of number of towns in India.

## SECTION – D

**Question nos. 24 to 28 are Long Answer Type Questions. (5 × 5 = 25)**

24. Define natural growth of population. Describe the impact of migration on changing population in the world. **2 + 3 = 5**

25. (a) Explain the meaning of 'target area planning'. Analyse the need of 'target area planning' for development. **1 + 4 = 5**

**OR**

(b) Explain the meaning of 'regional planning'. Assess the outcomes of 'Integrated Tribal Development Project' in Bharmaur region. **1 + 4 = 5**

26. (a) "Indian Railways have facilitated the movement of both freight and passengers and contributed to the growth of economy." Support the statement with suitable arguments. **5**

**OR**

(b) "Indian ports have continuously been growing for successful international trade." Support the statement with suitable arguments. **5**

27. (a) "उद्योगों की अवस्थिति को निश्चित करने में परिवहन लागत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है ।" उदाहरणों सहित इस कथन को न्यायोचित ठहराइए । **5**

**अथवा**

(b) "डेरी कृषि कार्य नगरीय एवं औद्योगिक केन्द्रों के समीप किया जाता है ।" उदाहरणों सहित इस कथन को न्यायोचित ठहराइए । **5**

28. (a) भारत सरकार द्वारा चलाये गये सामाजिक अभियान – "बेटी बचाओ – बेटी-पढ़ाओ" के उद्देश्यों का उदाहरण सहित मूल्यांकन कीजिए । **5**

**अथवा**

(b) देश के विभिन्न क्षेत्रकों में श्रम सहभागिता की स्थानिक भिन्नता का मूल्यांकन कीजिए । **5**

## खण्ड – ङ

**प्रश्न संख्या 29 एवं 30 मानचित्र आधारित प्रश्न हैं ।** **(2 × 5 = 10)**

29. दिए गए विश्व के राजनीतिक रेखा-मानचित्र में सात भौगोलिक लक्षणों को A, B, C, D, E, F और G के रूप में अंकित किया गया है । निम्नलिखित जानकारी की सहायता से किन्हीं **पाँच** की पहचान कीजिए और उनके सही नाम उनके समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए : **5 × 1 = 5**

A. एक प्रमुख समुद्री-पत्तन

B. एक प्रमुख वायु-पत्तन

C. एक आंतरिक जल-मार्ग

D. चलवासी पशुचारण का एक प्रमुख क्षेत्र

E. वाणिज्य पशुधन पालन का एक प्रमुख क्षेत्र

F. विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि का एक प्रमुख क्षेत्र

G. मिश्रित कृषि का एक प्रमुख क्षेत्र

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 29 के स्थान पर हैं । किन्हीं पाँच के उत्तर दीजिए :** **5 × 1 = 5**

29.1 दक्षिण अफ्रीका के प्रमुख समुद्री-पत्तन का नाम लिखिए ।

29.2 ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख वायु-पत्तन का नाम लिखिए ।

29.3 अटलांटिक महासागर को प्रशांत महासागर से जोड़ने वाले आन्तरिक जलमार्ग का नाम लिखिए ।

29.4 एशियाई प्रायद्वीप का नाम लिखिए जहाँ पर चलवासी पशुचारण किया जाता है ।

29.5 दक्षिण अमेरिका के वाणिज्य पशुधन पालन के प्रमुख क्षेत्र का नाम लिखिए ।

29.6 ऑस्ट्रेलिया के विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि क्षेत्र का नाम लिखिए ।

29.7 अफ्रीका के मिश्रित कृषि क्षेत्र का नाम लिखिए ।

27. (a) "The cost of transport plays an important role in location of industries." Justify the statement with examples. **5**

**OR**

(b) 'Dairy farming is practised mainly near urban and industrial centres.' Justify the statement with examples. **5**

28. (a) Evaluate the objectives of the social campaign 'Beti Bachao – Beti Padhao' run by the Government of India with examples. **5**

**OR**

(b) Evaluate the spatial variation of work participation in different sectors in the country. **5**

## SECTION – E

**Question Nos. 29 and 30 are Map Based Questions.** **(2 × 5 = 10)**

29. On the given political outline Map of the World, seven geographical features have been marked as A, B, C, D, E, F and G. Identify any **five** with the help of following information and write their correct names on the lines drawn near them : **5 × 1 = 5**

A. A major sea-port

B. A major airport

C. An inland waterway

D. A major area of nomadic herding

E. A major area of commercial livestock rearing

F. A major area of extensive commercial grain farming

G. A major area of mixed farming

**Note : The following questions are for Visually Impaired Candidates only in lieu of Question No. 29. Answer <u>any five</u>.** **5 × 1 = 5**

29.1 Name the major seaport of South Africa.

29.2 Name the major airport of Australia.

29.3 Name the inland waterway that connects Atlantic Ocean and Pacific Ocean.

29.4 Name the Asian peninsula where nomadic herding is practiced.

29.5 Name the major area of commercial livestock rearing of South America.

29.6 Name the area of extensive commercial grain farming of Australia.

29.7 Name an area of mixed farming of Africa.

30. दिए गये भारत के राजनीतिक रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित सात भौगोलिक लक्षणों में से किन्हीं **पाँच** को उपयुक्त चिह्नों द्वारा अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : $5 \times 1 = 5$

30.1 न्यूनतम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य (2011)

30.2 गन्ना उत्पादन में अग्रणी राज्य

30.3 गुजरात में एक प्रमुख समुद्री-पत्तन

30.4 झारखण्ड में ताँबा खनन का एक केन्द्र

30.5 मध्य प्रदेश में मैंगनीज खनन का एक केन्द्र

30.6 महाराष्ट्र में लौह-अयस्क खनन का एक केन्द्र

30.7 कर्नाटक में एक अंतर्राष्ट्रीय वायु-पत्तन

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 30 के स्थान पर हैं । किन्हीं पाँच के उत्तर दीजिए :** $5 \times 1 = 5$

30.1 न्यूनतम जनसंख्या घनत्व (2011) वाले राज्य का नाम लिखिए ।

30.2 गन्ना उत्पादन में अग्रणी राज्य का नाम लिखिए ।

30.3 उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ गुजरात में प्रमुख समुद्री-पत्तन स्थित है ।

30.4 झारखण्ड में स्थित ताँबा खनन केन्द्र का नाम लिखिए ।

30.5 मध्य प्रदेश में स्थित मैंगनीज खनन केन्द्र का नाम लिखिए ।

30.6 महाराष्ट्र में स्थित लौह-अयस्क खनन केन्द्र का नाम लिखिए ।

30.7 उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ कर्नाटक में अंतर्राष्ट्रीय वायु-पत्तन स्थित है ।

30. On the given political outline map of India, locate and label any **five** of the following seven geographical features with appropriate symbols : **5 × 1 = 5**

30.1 The state with the lowest population density (2011).

30.2 The state leading in the production of sugarcane.

30.3 A major sea port in Gujarat.

30.4 A copper mining centre in Jharkhand.

30.5 A manganese mining centre in Madhya Pradesh.

30.6 An Iron-ore mining centre in Maharashtra.

30.7 An international airport in Karnataka.

**Note : The following questions are for Visually Impaired Candidates only in lieu of Question No. 30. Answer any five.**

**5 × 1 = 5**

30.1 Name the state with the lowest population density (2011).

30.2 Name the leading state of sugarcane production.

30.3 Name the place where major sea port is located in Gujarat.

30.4 Name the copper mining centre located in Jharkhand.

30.5 Name the manganese mining centre located in Madhya Pradesh.

30.6 Name the Iron-ore mining centre located in Maharashtra.


30.7 Name the place where international airport is located in Karnataka.

---

यहाँ से काटें ---------- Cut Here ---------- यहाँ से काटें ---------- Cut Here

प्रश्न सं. **29** के लिए मानचित्र

Map for Q. No. **29**



यहाँ से काटें ------------ Cut Here ------------ यहाँ से काटें ------------ Cut Here

प्रश्न सं. **30** के लिए मानचित्र
Map for Q. No. **30**

